WE ARE YOUR DOL

NEW YORK STATE | Department of Labor

होम केयर सहयोगी कर्मचारी ध्यान दें

विविध उद्योगों की न्यूनतम मज़दूरी प्रति घंटा दरें 1/1/2024 से 31/12/2024 तक प्रभावी हैं

सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून § 3614-f के अनुसार, यह कानून घरेलू देखभाल सहायता पर लागू होता है, जैसा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून § 3614-c के तहत परिभाषित किया गया है

न्यूयॉर्क शहर

न्यूनतम वेतन **$18.55**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $27.83

लॉन्ग आइलैंड और वेस्टचेस्टर काउंटी

न्यूनतम वेतन **$18.55**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $27.83

न्यूयॉर्क राज्य के बाकी भाग

न्यूनतम वेतन **$17.55**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $26.33

अगर आपका कोई सवाल है, अधिक जानकारी चाहते हैं या शिकायत दर्ज करना चाहते हैं, तो कृपया www.labor.ny.gov/minimumwage पर जाएं या कॉल करें: **1-888-469-7365**।

क्रेडिट और भत्ते जो आपके वेतन को ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दरों से कम कर सकते हैं:

- **भोजन और आवास** - आपका नियोक्ता अपनी ओर से दिए जाने वाले भोजन और आवास के लिए आपके वेतन की सीमित राशि का दावा कर सकता है। ऐसा वे तब तक कर सकते हैं जब तक वे आपसे कोई और शुल्क नहीं ले रहे हों। वेतन आदेश और सारांश में दरें और आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं, जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

अतिरिक्त वेतन जो ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दर के अतिरिक्त आप पर बकाया हो सकता है:

- **ओवरटाइम** – 40 से अधिक (या आवासीय कर्मचारियों के लिए 44) साप्ताहिक घंटों के लिए आपको अपनी नियमित वेतन दर (ऊपर दिखाई गई राशि से कम नहीं) का 1½ गुना भुगतान किया जाना चाहिए।
- **कॉल-इन पे -** अगर आप निर्धारित समय पर काम पर जाते हैं और आपका नियोक्ता आपको ज़ल्दी घर भेज देता है, तो आप उस दिन के लिए न्यूनतम वेतन दर पर अतिरिक्त घंटों के वेतन के हकदार हो सकते हैं।
- **घंटों का विस्तार** - अगर आपका कामकाज़ वाला दिन दस घंटे से अधिक समय तक रहता है, तो आप अतिरिक्त दैनिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। दैनिक दर न्यूनतम वेतन दर पर एक घंटे के वेतन के बराबर है।
- **यूनिफ़ॉर्म का रखरखाव** – अगर आप अपने यूनिफ़ॉर्म की सफ़ाई खुद करते हैं, तो आप अतिरिक्त साप्ताहिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। साप्ताहिक दरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

न्यूनतम वेतन पोस्टर

प्लेन व्यू में पोस्ट करें